परेशानी | फार्मर रजिस्ट्री में जिला पिछड़ा, किसान, भूमिस्वामी, हितग्राही और छात्र-छात्राएं विशेष रूप से प्रभावित हो रहे

पटवारियों की हड़ताल से भूमि व राजस्व के कार्य ठप

अनूपपुर, नवभारत। जिले में पटवारियों की जारी हड़ताल से आमजन को भारी परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है। 12 फरवरी से शुरू हुई यह हड़ताल लगातार जारी है, जिसके चलते तहसीलों और एसडीएम कार्यालयों में भूमि एवं राजस्व से जुड़े कार्य लगभग ठप्प हो गए हैं।

शासन-प्रशासन द्वारा समझाइश, नोटिस और कार्रवाई के बावजूद स्थिति में सुधार नहीं हुआ है। हड़ताल के कारण सीमांकन, बंटवारा, नक्शा तरमीम, फार्मर आईडी, ईडब्ल्यूएस प्रमाण पत्र सहित अन्य महत्वपूर्ण कार्य दो सप्ताह से बंद पड़े हैं।

इससे किसान, भूमिस्वामी, हितग्राही और छात्र-छात्राएं विशेष रूप से प्रभावित हो रहे हैं। बुधवार को पुराने तहसील परिसर में

अनाधिकृत रूप से तंबू लगाकर आंदोलन कर रहे पटवारियों को एसडीएम कमलेश पुरी ने सख्ती दिखाते हुए वहां से हटवा दिया था, बावजूद इसके पटवारी संघ अपनी मांगों पर अडिग है।

फार्मर रजिस्ट्री में जिला 13वें स्थान पर

राज्य सरकार की महत्वाकांक्षी फार्मर रजिस्ट्री (बकेटिंग) योजना में अनूपपुर जिले की प्रगति संतोषजनक नहीं है। जानकारी के अनुसार जिले में अब तक मात्र 26 प्रतिशत कार्य ही पूरा हुआ है, जिससे प्रदेश स्तर पर अनूपपुर 13वें स्थान पर है। प्रमुख सचिव, राजस्व विभाग के निर्देशानुसार भूमिस्वामीवार फार्मर रजिस्ट्री कार्य शीघ्र पूर्ण किया जाना है, किंतु लक्ष्य के अनुरूप प्रगति नहीं हो सकी है।

पटवारियों को रोका गया था वेतन

30 जनवरी को आयोजित समीक्षा बैठक में कलेक्टर हर्षल पंचोली ने पटवारियों को कार्य शीघ्र पूर्ण करने के निर्देश दिए थे। अपेक्षित प्रगति नहीं होने पर 3 फरवरी को माह जनवरी का वेतन रोकने की कार्रवाई की गई। आदेशानुसार जिन पटवारियों ने अपने प्रभार के किसी एक ग्राम में 30 प्रतिशत फार्मर रजिस्ट्री बकेटिंग कार्य पूर्ण कर लिया है, उन्हें वेतन आहरण की अनुमति दी गई है, जबकि शेष का वेतन प्रतिबंधित रखा गया है।

प्रशासन पर दबाव की राजनीति का आरोप

वेतन रोकने और सख्त निर्देशों के बावजूद कार्य में तेजी नहीं आने से जिला प्रशासन की कार्यप्रणाली पर सवाल उठ रहे हैं, वहीं आम लोगों के बीच यह चर्चा भी है कि पटवारी संगठन हड़ताल के माध्यम से प्रशासन पर दबाव बनाने की कोशिश कर रहा है। लोकतांत्रिक व्यवस्था में धरना-प्रदर्शन और हड़ताल करना अधिकार है, किंतु शासकीय कार्यों को ठप्प कर आमजन को परेशान करना उचित नहीं माना जा सकता। अब देखना होगा कि प्रशासन और पटवारी संघ के बीच गतिरोध कब समाप्त होता है।

होली-रमजान पर खाद्य पदार्थों में मिलावट का जाल

▸ भगवा पार्टी के अध्यक्ष ने प्रशासन से की सख्त कार्रवाई की मांग

अनूपपुर, नवभारत। होली और रमजान जैसे पावन पर्वों से पहले जिले में खाद्य पदार्थों में बढ़ती मिलावट को लेकर भारतीय गण वार्ता (भगवा) पार्टी के जिला अध्यक्ष कन्हैयालाल मिश्रा ने गंभीर चिंता जताई है।

उन्होंने प्रेस विज्ञप्ति जारी कर आरोप लगाया कि बाजारों में नकली मावा, मिलावटी तेल, कृत्रिम रंगों से बनी मिठाइयाँ और संदिग्ध खजूर खुलेआम बेचे जा रहे हैं, जिससे आम लोगों के स्वास्थ्य के साथ खिलवाड़ हो रहा है। मिश्रा ने कहा कि खाद्य सुरक्षा विभाग की जांच केवल कागजी कार्रवाई बनकर रह गई है, जिसके कारण मिलावटखोर बेखौफ होकर अपना अवैध कारोबार चला रहे हैं।



खजूर में केमिकल और शुगर सिरप की मिलावट

रमजान को देखते हुए बाजारों में बड़ी मात्रा में खजूर की बिक्री हो रही है। शिकायतें मिली हैं कि कई दुकानों में खजूर को चमकदार और आकर्षक बनाने के लिए शुगर सिरप और रासायनिक पदार्थों का इस्तेमाल किया जा रहा है, जो स्वास्थ्य के लिए हानिकारक हो सकते हैं। होली के प्रमुख व्यंजन गुजिया में इस्तेमाल होने वाला मावा भी मिलावटी बताया जा रहा है। आरोप है कि सिंथेटिक मावा, स्टार्च और रिफाइंड ऑयल से नकली मावा तैयार कर बेचा जा रहा है, जबकि पाम ऑयल को देसी घी के नाम पर खपाया जा रहा है।

रंगीन मिठाइयां और नकली तेल का खेल

त्योहारों में मिठाइयों को आकर्षक बनाने के लिए प्रतिबंधित रंगों का उपयोग किए जाने की भी शिकायत है। इसके अलावा सरसों और सोयाबीन तेल में पाम ऑयल की मिलावट कर खुलेआम बिक्री की जा रही है, जिससे उपभोक्ताओं के लिए असली-नकली की पहचान करना मुश्किल हो गया है। मिश्रा ने आरोप लगाया कि जिले में अब तक न तो कोई विशेष जांच अभियान चलाया गया है और न ही किसी बड़ी कार्रवाई की जानकारी सार्वजनिक की गई है।



कार के अंदर घुसा चार फीट लंबा सांप

जबलपुर। तिलवारा थानांतर्गत गढ़ा स्टेशन रोड से अंधमूक बाईपास रोड पर स्थित आयशर कंपनी के परिसर में खड़ी एक कार में दोपहर 12 बजे कार के सामने की ओर एक चार फीट लंबा सांप सड़क मार्ग से रेंगते हुए कार के बोनट में प्रवेश कर गया। जिसके कारण वहां अफरातफरी मच गई। स्थानीय शुभम तिवारी की सूचना पर पहुंचे सर्प विशेषज्ञ गजेन्द्र दुबे ने रैस्क्यू करते हुए सांप को पकड़कर जंगल में छोड़ दिया। पकड़ा गया सांप धामन प्रजाति का सांप है जो कि जहरीला नहीं होता है। सांप के पकड़े जाने पर सभी ने राहत की सांस ली।

किरर-बड़हर मार्ग पर मृत मिला गिद्ध

▸ वन विभाग में मचा हड़कंप

अनूपपुर, नवभारत 25 फरवरी। वन परिक्षेत्र के किरर बीट अंतर्गत किरर-बड़हर मुख्य मार्ग पर बुधवार दोपहर एक सफेद पीठ एवं सफेद दुम वाला गिद्ध मृत अवस्था में मिलने से क्षेत्र में चिंता का माहौल बन गया।

जानकारी के अनुसार ग्राम पंचायत औढेरा के सचिव मनोज पटेल ने मुख्य मार्ग किनारे गिद्ध के मृत पड़े होने की सूचना वन्यजीव संरक्षक अनूपपुर शशिधर अग्रवाल को दी। सूचना मिलते ही अग्रवाल ने वन परिक्षेत्र अधिकारी स्वर्ण गौरव सिंह एवं परिक्षेत्र सहायक किरर रेगी राव को अवगत कराया। सूचना पर वन विभाग की टीम तत्काल मौके पर पहुंची और मृत गिद्ध के शव को सुरक्षित रूप से

वन चौकी किरर लाकर रख दिया गया है। फिलहाल गिद्ध की मौत के कारणों का पता नहीं चल पाया है और वन विभाग द्वारा जांच की जा रही है।

संकटग्रस्त गिद्धों का गणना अभियान चलाया गया था

उल्लेखनीय है कि हाल ही में 20, 21 एवं 22 फरवरी को प्रदेश स्तर पर संकटग्रस्त गिद्धों की गणना अभियान चलाया गया था। इस दौरान अनूपपुर वन परिक्षेत्र के बड़हर, किरर और औढेरा बीट के जंगलों में गिद्धों को चट्टानों और विभिन्न पेड़ों पर घोंसला बनाकर निवास करते हुए पाया गया था। ऐसे में अचानक एक गिद्ध की संदिग्ध मौत वन विभाग और वन्यजीव प्रेमियों के लिए चिंता का विषय बन गई है। वन विभाग का कहना है कि पोस्टमार्टम रिपोर्ट के बाद ही मौत के कारण स्पष्ट हो पाएंगे।

40 रक्तदाताओं को किया गया सम्मानित

▸ रक्तदान मोटिवेशनल कार्यक्रम में कलेक्टर ने पत्रकार परिषद की सराहना की

अनूपपुर, नवभारत 25 फरवरी। रक्तदान से बड़ा कोई पुण्य कार्य नहीं है, यह बात कलेक्टर हर्षल पंचोली ने नगर के धनश्री पैलेस में आयोजित रक्तदान मोटिवेशनल कार्यक्रम में कही। उन्होंने रक्तदान को महादान बताते हुए समाज के सभी वर्गों से नियमित रूप से रक्तदान करने का आह्वान किया।

कार्यक्रम में कलेक्टर ने राष्ट्रीय श्रमजीवी पत्रकार परिषद की सक्रिय भागीदारी की विशेष सराहना करते हुए कहा कि समाज में जागरूकता फैलाने में मीडिया की भूमिका बेहद महत्वपूर्ण है। उन्होंने कहा कि जब पत्रकार

संगठन स्वयं सामाजिक जिम्मेदारी निभाते हुए आगे आते हैं, तो आमजन भी ऐसे अभियानों से जुड़ने के लिए प्रेरित होते हैं। इस दौरान 40 रक्तदाताओं को प्रमाण-पत्र देकर सम्मानित किया गया। परिषद के सदस्य प्रकाश तिवारी और बृजेश राठौर को भी विशेष सम्मान दिया गया।

इनकी रही उपस्थिति

इस अवसर पर मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ. अलका तिवारी, सिविल सर्जन डॉ. एसआर परस्ते, डॉ. एससी राय, नगर परिषद जैतहरी के उपाध्यक्ष रवि राठौर सहित बड़ी संख्या में पत्रकार, जनप्रतिनिधि, सामाजिक कार्यकर्ता एवं स्वास्थ्य विभाग के अधिकारी-कर्मचारी उपस्थित रहे। कार्यक्रम ने सेवा, समर्पण और जनजागरूकता का सकारात्मक संदेश समाज तक पहुंचाया।

48 घंटे में अपहृत नाबालिग बालिका बरामद

▸ छत्तीसगढ़ के मनेन्द्रगढ़ में सकुशल मिली

अनूपपुर, नवभारत 25 फरवरी। अपहृत नाबालिग बालिका को 48 घंटे के भीतर छत्तीसगढ़ के मनेन्द्रगढ़ से सकुशल दस्तयाब कर परिजनों को सौंप दिया।

पुलिस के अनुसार 22 फरवरी को फरियादी संतराम सिंह ने थानं में सूचना दी कि उनके घर में 9 फरवरी को आयोजित पारिवारिक कार्यक्रम के दौरान उनके साढ़ू बब्बू सिंह की 13 वर्षीय पुत्री (परिवर्तित नाम अंजली सिंह) उनके साथ रह रही थी। बालिका की मानसिक स्थिति सामान्य नहीं होने के कारण उसका इलाज व झाड़-फूंक कराया जा रहा था। फरियादी ने बताया कि 21 फरवरी को दोपहर लगभग 12 बजे बालिका घर के पीछे बाड़ी की ओर गई थी, लेकिन उसके बाद वापस नहीं लौटी।

परिजनों द्वारा गांव एवं रिश्तेदारी में तलाश करने के बाद भी उसका पता नहीं चलने पर आशंका जताई गई कि किसी अज्ञात व्यक्ति द्वारा बहला-फुसलाकर उसे ले जाया गया है।

बालिका को परिजनों के सुपुर्द किया

सूचना पर थाना भालूमाड़ा में मामला दर्ज कर विवेचना प्रारंभ की गई। लगातार प्रयासों के परिणामस्वरूप पुलिस ने 24 फरवरी को बालिका को छत्तीसगढ़ के मनेन्द्रगढ़ से सकुशल बरामद कर लिया। पुलिस ने आवश्यक कार्रवाई पूर्ण कर बालिका को सुरक्षित उसके परिजनों के सुपुर्द कर दिया है।

सभी वर्गों को नि:शुल्क प्रतियोगी कोचिंग देने की मांग

अनूपपुर, नवभारत। इंदिरा गांधी राष्ट्रीय जनजातीय विश्वविद्यालय में संचालित डॉक्टर अंबेडकर सेंटर फॉर एक्सीलेंस के अंतर्गत दी जा रही नि:शुल्क प्रतियोगी कोचिंग को सभी वर्गों के लिए खोलने की मांग तेज हो गई है। इस संबंध में छात्र प्रतिनिधियों ने विश्वविद्यालय प्रशासन को ज्ञापन सौंपकर एसटी के साथ-साथ ईडब्यूंर एस एवं सामान्य वर्ग के विद्यार्थियों को भी योजना में शामिल करने की मांग की है। ज्ञापन छात्र नेता नितिन मिश्रा और उनके साथियों द्वारा विश्वविद्यालय के छात्र कल्याण अधिष्ठाता प्रो. तरुण ठाकुर को सौंपा गया। इसमें उल्लेख किया गया कि वर्तमान में यह कोचिंग योजना सामाजिक न्याय और अधिकारिता मंत्रालय भारत सरकार द्वारा संचालित है, जिसके तहत यूपीएससी, एमपीपीएससी, सीजीपीएससी एवं जीएटीई जैसी प्रतियोगी परीक्षाओं की तैयारी के लिए नि:शुल्क मार्गदर्शन दिया जा रहा है।

पुष्पराजगढ़ में आज होगा सामूहिक विवाह समारोह

अनूपपुर, नवभारत। जिले में मुख्यमंत्री कन्या विवाह योजना के अंतर्गत सामूहिक विवाह कार्यक्रमों की तिथियां निर्धारित कर दी गई हैं। कलेक्टर हर्षल पंचोली द्वारा जारी कार्यक्रम अनुसार 26 फरवरी को जनपद पुष्पराजगढ़ में सामूहिक विवाह समारोह आयोजित किया जाएगा।

निर्धारित कार्यक्रम के अनुसार यह आयोजन एमपीईबी ग्राउंड, पुष्पराजगढ़ में सम्पन्न होगा, जहां बड़ी संख्या में वर-वधु वैवाहिक बंधन में बंधेंगे। इस सामूहिक विवाह समारोह में नगरपालिका परिषद कोतमा, नगरपालिका परिषद बिजुरी, नगर परिषद अमरकंटक तथा जनपद पुष्पराजगढ़ की विभिन्न ग्राम पंचायतों से चयनित जोड़े शामिल होंगे। प्रशासन द्वारा कार्यक्रम की सभी तैयारियां पूरी कर ली गई हैं।

चना-मसूर उपार्जन हेतु किसानों का पंजीयन 16 मार्च तक

अनूपपुर, नवभारत। रबी विपणन वर्ष 2026-27 में चना एवं मसूर फसलों के समर्थन मूल्य पर उपार्जन के लिए किसानों का पंजीयन 20 फरवरी से प्रारंभ हो गया है, जो 16 मार्च तक जारी रहेगा। उप संचालक किसान कल्याण तथा कृषि विकास विभाग कैलाश मगर ने जिले के किसानों से अपील की है कि वे निर्धारित अवधि के भीतर अपने नजदीकी पंजीयन केन्द्र पर पहुंचकर अनिवार्य रूप से पंजीयन कराएं। विभाग द्वारा जिले में कुल 8 पंजीयन केन्द्र निर्धारित किए गए हैं। इनमें विकासखण्ड पुष्पराजगढ़ के अंतर्गत राजेन्द्रग्राम एवं बेनीबारी, जैतहरी विकासखण्ड में जैतहरी, अनूपपुर विकासखण्ड में मझगवां (फुनगा), दुलहरा, अनूपपुर तथा पसान और कोतमा विकासखण्ड में बिजुरी स्थित सेवा सहकारी समितियां शामिल हैं।

अवैध रेत परिवहन करते ट्रैक्टर ट्रॉली सहित रेत जब्त

अनूपपुर, नवभारत 25 फरवरी। भालूमाड़ा थाना क्षेत्र में पुलिस ने अवैध रेत के परिवहन के खिलाफ बड़ी कार्रवाई करते हुए एक ट्रैक्टर-ट्रॉली सहित 3 घन मीटर रेत जब्त की है।

पुलिस से मिली जानकारी के अनुसार पुलिस को मुखबिर से सूचना प्राप्त हुई थी कि एक व्यक्ति नीले रंग के महिंद्रा स्वराज कंपनी के ट्रैक्टर-ट्रॉली में केवई नदी से अवैध रूप से रेत लोड कर बाजार दफाई भालूमाड़ा की ओर ले जा

रहा है। सूचना मिलते ही थाना प्रभारी के नेतृत्व में पुलिस टीम ने बाजार दफाई रोड पर घेराबंदी कर संदिग्ध ट्रैक्टर को रोककर जांच की।

चालक को किया गिरफ्तार- जांच के दौरान ट्रैक्टर-ट्रॉली में बिना रॉयल्टी/टीपी के लगभग 3 घन मीटर अवैध रेत लदी पाई गई। पुलिस ने ट्रैक्टर चालक दीनदयाल बैगा को मौके से गिरफ्तार कर ट्रैक्टर-ट्रॉली सहित रेत जब्त कर ली।

जब्त सामग्री की कुल अनुमानित कीमत करीब 5 लाख 5 हजार रुपये बताई गई है। आरोपी के विरुद्ध खान एवं खनिज अधिनियम के तहत मामला दर्ज कर आगे की कार्रवाई की जा रही है।

पुलिसकर्मी और पुत्र ने सफाई कर्मचारी को पीटा

थाने का घेराव, हंगामा, सफाई कर्मियों ने कार्रवाई नहीं होने पर दी हड़ताल की चेतावनी

जबलपुर। कोतवाली क्षेत्र में कचरा खाली करने गए एक सफाई कर्मचारी के साथ पुलिस जवान और उसके बेटे द्वारा मारपीट किए जाने का आरोप है। सफाई कर्मचारियों ने थाने का घेराव कर

दिया है और मारपीट करने वाले पिता पुत्र पर कार्रवाई की मांग पर अड़ गए। हालांकि पुलिस ने जांच के बाद कार्रवाई का आश्वासन दिया। वहीं सफाई कर्मचारियों ने कार्रवाई न होने पर आज हड़ताल की चेतावनी दी है।

पीड़ित संतोष नाहर निवासी चंडालभाटा ने बताया कि मंगलवार को वह अपनी नियमित ड्यूटी के दौरान दरहाई के पास कचरा खाली करने गया था। वहां मौजूद कर्मी शैलेंद्र सोनी और उनके पुत्र ने कचरा डालने का विरोध किया।

सांसद के प्रयास रंग लाए | स्थानीय निवासियों और व्यापारियों में हर्ष की लहर, हजारों यात्रियों को दिल्ली और छत्तीसगढ़ की ओर यात्रा करने में बड़ी राहत मिलेगी

कोतमा में रुकेगी निजामुद्दीन-अंबिकापुर एक्सप्रेस

कोतमा नवभारत 25 फरवरी। क्षेत्र के रेल यात्रियों की वर्षों पुरानी मांग आखिरकार पूरी हो गई है। रेलवे प्रशासन ने आधिकारिक तौर पर गाड़ी संख्या 22408/22407 (हजरत निजामुद्दीन-अंबिकापुर-हजरत निजामुद्दीन) एक्सप्रेस का कोतमा स्टेशन पर ठहराव (स्टॉपेज) सुनिश्चित कर दिया है। यह सुविधा मार्च के पहले सप्ताह से शुरू होने जा रही है, जिससे क्षेत्र के हजारों यात्रियों को दिल्ली और छत्तीसगढ़ की ओर यात्रा करने में बड़ी राहत मिलेगी।

कोतमा में इस प्रमुख ट्रेन के स्टॉपेज की घोषणा होते ही स्थानीय निवासियों, व्यापारियों और दैनिक यात्रियों में हर्ष की लहर है। कोतमा नगर और आसपास के ग्रामीण क्षेत्रों के लोगों ने इस ऐतिहासिक

उपलब्धि के लिए क्षेत्रीय सांसद हिमाद्री सिंह का हृदय से धन्यवाद किया है। स्थानीय लोगों का कहना है कि सांसद सिंह ने क्षेत्र की इस समस्या को गंभीरता से लेते हुए रेल मंत्रालय के समक्ष लगातार पैरवी की। अब यात्रियों को दिल्ली या अंबिकापुर जाने के लिए अनूपपुर या बिजुरी तक की भागदौड़ नहीं करनी पड़ेगी।

प्रमुख तिथियां और समय सारणी

रेलवे द्वारा जारी सूचना के अनुसार ट्रेन का ठहराव इन तिथियों से प्रभावी होगा। ट्रेन नं. 22408 हजरत निजामुद्दीन-अंबिकापुर का 4 मार्च बुधवार से ठहराव शुरू होगा, जबकि ट्रेन नं. 22407 अंबिकापुर-हजरत निजामुद्दीन का: दिनांक 5 मार्च गुरुवार से ठहराव शुरू होगा।

कोतमा स्टेशन पर समय

ट्रेन का ठहराव कोतमा स्टेशन पर 2 मिनट के लिए सुनिश्चित किया गया है। निजामुद्दीन से अंबिकापुर ट्रेन का दोपहर 2:56 बजे आगमन, जबकि अंबिकापुर से निजामुद्दीन ट्रेन का सुबह 9:48 बजे आगमन होगा।

व्यापारिक को मिलेगा लाभ

कोतमा एक प्रमुख व्यापारिक केंद्र है। इस ट्रेन के ठहराव से व्यापारियों को सीधे दिल्ली के बाजार से जुड़ने में आसानी होगी। साथ ही, शिक्षा और स्वास्थ्य के लिए बाहर जाने वाले छात्रों और मरीजों के लिए भी यह ट्रेन वरदान साबित होगी।

प्लेटफॉर्म पर बुनियादी सुविधाओं की दरकार

कोतमा नगर के रेल यात्रियों के लिए जहां एक ओर नई ट्रेनों के ठहराव की खुशखबरी आ रही है, वहीं स्टेशन की बुनियादी समस्याओं ने यात्रियों की चिंता बढ़ा दी है। विशेषकर अंबिकापुर-जबलपुर और अंबिकापुर-दुर्ग जैसी प्रमुख ट्रेनों के यात्रियों को प्लेटफॉर्म छोटा होने के कारण भारी असुविधा का सामना करना पड़ रहा है। कोतमा रेलवे स्टेशन का प्लेटफॉर्म छोटा होने की वजह से इन ट्रेनों के अधिकांश डिब्बे प्लेटफॉर्म की सीमा से बाहर खड़े होते हैं। स्थिति इतनी विकट है कि यात्रियों को अपने भारी सामान के साथ सीधे रेल की पटरियों पर उतरना पड़ता है। सबसे अधिक समस्या महिला और विकलांग कोच के यात्रियों को होती है, जो अक्सर प्लेटफॉर्म के बाहर ही खड़े होते हैं। इस कारण कई बार यात्री गिरकर चोटिल हो चुके हैं और बड़ी दुर्घटनाओं का अंदेशा बना रहता है।

रानी कमलापति-संतरागाछी ट्रेन का स्टॉपेज स्वीकृत

▸ अनूपपुर जंक्शन पर यात्री सुविधाओं में बढ़ोतरी

अनूपपुर, नवभारत 25 फरवरी। जिले के प्रमुख रेलवे स्टेशन अनूपपुर जंक्शन पर लंबे समय से लंबित यात्री सुविधाओं एवं ट्रेन स्टॉपेज की मांग आखिरकार पूरी हो गई है। भगवा पार्टी के जिला महामंत्री वरूण चटर्जी द्वारा किए गए सतत प्रयासों के बाद रेल प्रशासन ने स्टेशन पर सुविधाओं में सुधार तथा नई ट्रेन के ठहराव को स्वीकृति प्रदान कर दी है।

जानकारी के अनुसार वरूण चटर्जी ने 5 अगस्त 2024 को रेल प्रशासन को ज्ञापन सौंपते हुए अनूपपुर जंक्शन पर यात्रियों की समस्याओं और ट्रेनों के अभाव की ओर ध्यान आकर्षित कराया था। इसके बाद लगातार पत्राचार एवं मांग उठाए जाने के चलते अब रेलवे ने सकारात्मक निर्णय लिया है।

अनूपपुर जंक्शन महत्वपूर्ण स्टेशन है- उन्होंने बताया कि अनूपपुर जंक्शन बिलासपुर-कटनी रेल सेक्शन का महत्वपूर्ण स्टेशन है, जहां से अंबिकापुर एवं चिरमिरी के लिए शाखा रेल लाइन भी जाती है। सबसे बड़ी उपलब्धि के रूप में ट्रेन संख्या 22169/22170 इंडियन रेलवे द्वारा संचालित रानी कमलापति-संतरागाछी साप्ताहिक एक्सप्रेस का अनूपपुर जंक्शन में स्टॉपेज स्वीकृत किया गया है।

यात्रियों को भोपाल व कोलकाता तक सीधी सुविधा

यह ट्रेन भोपाल से कोलकाता के बीच चलती है और पहले शहडोल व बिलासपुर में रुकती थी, लेकिन अनूपपुर में इसका ठहराव नहीं था। अब स्टॉपेज मिलने से अनूपपुर सहित आसपास के क्षेत्रों के यात्रियों को राजधानी भोपाल और महानगर कोलकाता तक सीधी रेल सुविधा उपलब्ध होगी। इससे यात्रियों के समय और खर्च दोनों की बचत होगी, साथ ही रेलवे के राजस्व में भी वृद्धि होने की संभावना है।